# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 30 नवंबर, 2022

अंक : 470
वर्ष : 30


## वेकोलि की माइन रेस्क्यू टीम अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर



वेकोलि माइन रेस्क्यू टीम ने राजस्थान में आयोजित अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वेकोलि की टीम ने यह सफलता, देश की 18 विभिन्न कंपनियों की कुल 26 टीमों से प्रतिस्पर्धा के उपरान्त हासिल की। प्रतियोगिता का आयोजन हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की सिंदेसर खुर्द खदान, उदयपुर, राजस्थान में किया गया था।

ओवरऑल दूसरी सर्वोत्कृष्ट टीम होने के साथ ही, वेकोलि माइन रेस्क्यू टीम ने कोल इंडिया लिमिटेड की सभी सहायक कंपनियों में पहला स्थान हासिल किया। जीत का सिलसिला यहीं नहीं रुका। टीम ने रेस्क्यू और रिकवरी श्रेणी के साथ-साथ प्राथमिक चिकित्सा श्रेणी में दूसरा स्थान तथा थ्योरी टेस्ट में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

श्री प्रभात कुमार, खान सुरक्षा महानिदेशक एवं श्री रवींद्र मांडेकर, खान सुरक्षा उप महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय, पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस समारोह में वेकोलि के 14 बचाव प्रशिक्षित कर्मियों को 25 से अधिक वर्षों तक रेस्क्यू के क्षेत्र में अपना योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मियों में श्री दिनेश बिसेन, अधीक्षक, रेस्क्यू विभाग एवं टीम के अन्य सदस्य शामिल थे।

## वेकोलि ने जीता कोल इंडिया अंतर कंपनी कबड्डी टूर्नामेंट 2022-23



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) मुख्यालय में दिनांक 21 से 23 नवंबर, 2022 तक खेले गए कोल इंडिया अंतर कंपनी कबड्डी टूर्नामेंट 2022-23 में वेकोलि की कबड्डी टीम विजेता रही । टूर्नामेंट के फाइनल मैच में वेकोलि की कबड्डी टीम ने एसईसीएल की टीम को 17 के मुकाबले 51 पॉइंट से हराया। इस प्रतियोगिता में डब्ल्यूसीएल, सीसीएल, ईसीएल, एससीसीएल, एसईसीएल, एमसीएल, एनसीएल तथा बीसीसीएल की टीमों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट के अंतिम दिवस पर समापन एवं पारितोषिक वितरण समारोह में वेकोलि के सीएमडी श्री मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी तथा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह उपस्थित थे।

सीएमडी श्री मनोज कुमार ने अपने उद्बोधन में सभी टीमों को अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रकार के टूर्नामेंट से भारतीय खेल कबड्डी को खेलने की प्रेरणा मिलेगी एवं इसे हर जगह वृहद स्तर पर खेला जाएगा। खेल के महत्व को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि कबड्डी के माध्यम से न केवल शारीरिक एवं मानसिक सबलता बढ़ती है, बल्कि इससे टीम भावना भी विकसित होती है। उन्होंने टूर्नामेंट की विजेता टीम डब्ल्यूसीएल को विशेष शुभकामनाएं दी और अन्य टीमों को भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे टूर्नामेंट खिलाड़ियों को बेहतर करने के लिए प्रेरणा देते हैं। आगे उन्होंने कहा कि हार या जीत से बढ़कर अपना सर्वोत्तम देना ही खेल का मकसद होना चाहिए।

वेकोलि संचालन समिति के सदस्य श्री सुनील मिश्रा ने अपने उद्बोधन में विजेता तथा उप विजेता टीम को अपनी शुभकामनाएं दी।

वेकोलि तथा एसईसीएल टीम के सभी खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। टूर्नामेंट में बेस्ट रेडर का खिताब वेकोलि टीम के श्री संदीप मड़ावी तथा बेस्ट कैचर का खिताब एसईसीएल टीम के श्री एम. एस. शुक्ला ने हासिल किया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट वेकोलि टीम के श्री विशाल भोंगले रहे। सभी अतिथियों ने रनर अप ट्रॉफी एसईसीएल को तथा विनर्स ट्रॉफी वेकोलि के टीम को प्रदान की।

कार्यक्रम में वेकोलि संचालन समिति के सदस्य श्री फ्रांसिस दारा, श्री सुनील मिश्रा, श्री ए. पी. सिंह एवं श्री सतीश गबाले की प्रमुख उपस्थिति रही। साथ ही वेकोलि कल्याण मंडल के सदस्य श्री बृजेश सिंह, श्री आशीष मूर्ति, श्री श्रीकांत चौधरी, श्री कामेश्वर राय एवं श्री अजय पाल यादव की भी विशेष उपस्थिति रही। दर्शक दीर्घा में वेकोलि के अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री मिलिंद चहांदे, प्रबंधक (जनसंपर्क) तथा धन्यवाद ज्ञापन कल्याण मंडल के सदस्य श्री बृजेश सिंह ने किया।





## वेकोलि में वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा-2022 का शुभारम्भ



दिनांक 28 नवंबर 2022 को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने सुरक्षा ध्वज फहरा कर कंपनी में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा-2022 का शुभारंभ किया। यह सुरक्षा पखवाड़ा दिनांक 28 नवम्बर, 2022 से 13 दिसम्बर, 2022 तक मनाया जाएगा। इसमें वेकोलि की सभी 51 खदानों का सहभाग होगा।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सीएमडी श्री मनोज कुमार ने कहा कि सुरक्षा वेकोलि की प्राथमिकता है एवं सभी को सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वही कार्य श्रेष्ठ है जो सुरक्षा के साथ किया जाता है। उन्होंने सभी से सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन करने का आह्वान किया।

इस दौरान सुरक्षा विभाग से मुख्य प्रबंधक (खनन) श्री सत्यार्थी ने सुरक्षा शपथ दिलाई, जिसे टीम वेकोलि के सदस्यों ने दुहराया। सभी ने सुरक्षा के नियमों का पालन करने एवं सुरक्षा के अनुशासन को पूर्णतः अंगीकार करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जय प्रकाश द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री अनिल कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, अधिकारी और कर्मचारी गण प्रमुखता से उपस्थित रहे।





## वेकोलि में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न





दिनांक 24.11.22 को वेकोलि मुख्यालय में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी एवं निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह उपस्थित रहे।

सीएमडी श्री मनोज कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक है। उन्होंने हिंदी भाषी क्षेत्र विशेषकर वेकोलि के वे क्षेत्र जो मध्य प्रदेश राज्य में स्थित हैं, को पत्राचार हिंदी में करने को कहा। उन्होंने हिंदी भाषा से संबंधित गतिविधियां बढ़ाने का जिक्र करते हुए कर्मियों को हिंदी भाषा में मौलिक लेखन करने के लिए प्रेरित किया। आगे उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा को पूर्णत: स्वीकारना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अधिकतर कार्य हिंदी में करने के निर्देश दिए।

निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने उपस्थितों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों के हिंदी भाषा से संबंधित कार्यों में प्रगति का निश्चित समय पर निरीक्षण करना आवश्यक है। उन्होंने दैनंदिन कार्यों को हिंदी भाषा में करने की दिशा में सभी से ठोस एवं सकारात्मक कार्यवाही करने को कहा।

बैठक में सभी क्षेत्रों तथा मुख्यालय के विभागों की हिंदी पत्राचार की स्थिति की समीक्षा की गई। इस संबंध में प्रस्तुत, हिंदी पत्राचार के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया एवं हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग करने की बात पर बल दिया गया।

बैठक में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य गण, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं क्षेत्रों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनोज कुमार, उप प्रबंधक (राजभाषा) ने किया।

## वणी क्षेत्र के दौरे पर रहे सीएमडी श्री मनोज कुमार



अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार दिनांक 26 नवंबर 2022 को वणी क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने मुंगोली एवं पैनगंगा ओपन कास्ट खदानों का मुआयना किया तथा सुरक्षित रूप से कोयला उत्पादन में वृद्धि हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री अभाष चंद्र सिंह, सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उनके साथ उपस्थित रहे।



## वेकोलि में संविधान दिवस



संविधान दिवस के अवसर पर दिनांक 26 नवंबर 2022 को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने वणी क्षेत्र में एवं वेकोलि मुख्यालय में निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने बाबासाहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। वणी क्षेत्र में क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री आभाष चंद्र सिंह, सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव एवं क्षेत्र के कर्मी गण उपस्थित रहे । इसी प्रकार वेकोलि मुख्यालय में विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। उन्होंने उद्देशिका के वाचन को दोहराया।




## निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने किया उमरेड क्षेत्र  की खदानों का निरिक्षण



निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह दिनांक 26 नवंबर 2022 को उमरेड क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने उमरेड ओसी, एमकेडी 1 एवं एमकेडी 3 ओपन कास्ट खदानों का मुआयना किया तथा इन खदानों में उत्पादन बढ़ाने हेतु समुचित निर्देश दिए। इसके उपरान्त उन्होंने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (FMC) प्रोजेक्ट का भी जायजा लिया।

इस दौरे में श्री सिंह के साथ उमरेड क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री मोहम्मद साबिर, महाप्रबंधक (संचालन) श्री इलियास हुसैन, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) के तकनीकी सचिव श्री आर. के. मिश्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।




WESTERN COALFIELDS LIMITED & MISSION WCL @TeamWCL @TeamWCL www.westerncoal.in

वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।